



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 18 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 151 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# बसपा अकेले लड़ेगी

## सपा के साथ गठबंधन की अटकलों को किया खारिज



● यह फैसला पत्थर की लकीर, पार्टी के लोग गुमराह न हों, इस तरह का भ्रामक प्रचार विरोधियों की साजिश

**लखनऊ।** वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा द्वारा गठबंधन किए जाने के कयासों को बुधवार को पार्टी सुप्रीमो मायावती ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों में लगे हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं का ध्यान भटकाने के लिए विरोधियों द्वारा ये साजिश की जा रही है। मीडिया में ऐसी फेक न्यूज प्रसारित कराई जा रही हैं। बसपा वर्ष 2007 की तरह की अकेले अपने बलबूते पर विधानसभा लड़ेगी। बसपा सुप्रीमो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नौ अक्टूबर को भी कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में हुए कार्यक्रम में उन्होंने खुले मंच से अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसके बाद कई बार यह बात दोहराई जा चुकी है। अब इस पर चर्चा-बहस की गुंजाइश नहीं है। सभी जानते हैं कि कांग्रेस, सपा और भाजपा की सोच संकीर्ण हैं और ये सभी पार्टियां डा. बीआर आंबेडकर की विरोधी हैं। यह भी सच है कि इनसे गठबंधन में बसपा को हमेशा नुकसान ही होता है। पार्टी के लोग ऐसी साजिशों से गुमराह न हों और हाथी की मस्त चाल चलते रहें। वर्ष 2027 में बसपा की सरकार बनाने के लिए काम करते रहें। बसपा प्रमुख ने दिल्ली में नया बंगला अलॉट होने पर चल रही चर्चाओं को लेकर कहा कि केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा के चलते यह अलाटमेंट किया है।

### 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव के तारीखों का एलान

● 16 मार्च को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इन 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होंगे। इनमें महाराष्ट्र की सात, पश्चिम बंगाल और बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। वहीं ओडिशा की चार, तमिलनाडु की छह, असम की तीन, छत्तीसगढ़ की दो, हरियाणा की दो, तेलंगान की दो और हिमाचल प्रदेश की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव होना है। 26 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी होगा। 5 मार्च को नामांकन भरे जाएंगे और 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा और 16 मार्च को ही वोटों की गिनती होगी। 20 मार्च 2026 से पहले चुनाव पूरा होना है।

### गूगल प्रमुख ने पीएम से की मुलाकात एआई इम्पैक्ट समिट में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### सलीम खान अभी अस्पताल में ही रहेंगे

**मुम्बई।** सलमान खान के पिता दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हैमरेज हुआ है, जिसके बाद उनकी एक छोटी सी सर्जिकल प्रोसीजर की गई है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पार्कर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई है। यह कोई ब्रेन सर्जरी नहीं है। DSA एक हाईक्वालिटी का एक्स-रे होता है। इसमें शरीर की नसों में हुए ब्लॉकेज को ज्यादा साफ देखा जा सकता है। इसे सेरेब्रल एंजियोग्राफी भी कहा जाता है। डॉक्टर पार्कर के अनुसार, फिलहाल सलीम खान को डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा। उन्हें कुछ दिनों तक डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वे रिकवरी कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उन्हें आज या कल तक वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाया जा सकता है, लेकिन डिस्चार्ज को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### हमसे बर्तन भी धुलवाए गए... पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों ने सुनाया दुखड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी कैप्टन शकील अम्माद बट ने ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटने के बाद नेशनल फेडरेशन पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरे के दौरान उनकी टीम को रहने की जगह की कमी के कारण न केवल सड़कों पर भटकना पड़ा, बल्कि 'मैच खेलने जाने से पहले बर्तन भी धोने पड़े'। बट ने बुधवार को लाहौर एयरपोर्ट पर लैंड करते ही मीडिया से कहा कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन उनसे झूठ बोल रहा था। गुस्से में बट ने गुस्से में पूछा, 'हम फेडरेशन के मौजूदा मैनेजमेंट के साथ काम नहीं कर सकते। जब खिलाड़ियों को मैच खेलने जाने से पहले किचन साफ करना और बर्तन धोने पड़ते हैं, तो आप हमसे क्या उम्मीद करते हैं?' PHF की कड़ी आलोचना हुई है। इसके साथ ही सरकारी पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड ने कन्फर्म किया कि उसने ऑस्ट्रेलिया में नेशनल टीम के होटल में रहने का इंतजाम करने के लिए उन्हें 1 करोड़ रुपये से ज़्यादा दिए थे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में मोहन भागवत का विरोध, छात्रों ने लगाए 'गो बैक' नारे

**लखनऊ।** संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लखनऊ प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत दूसरे दिन बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल के बाद एनएसयूआई के छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और गो बैक के नारे लगाए। पुलिस ने छात्रों हिरासत में लिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

## किसानों की पुलिस से तीखी झड़प

● आंसू गैस के गोले दागकर रोकने की कोशिश

**बठिंडा (पंजाब)।** बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के घेराव के लिए बढ़ रहे किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इसके बाद किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने बड़ी संख्या में आंसू गैस के गोले छोड़े। जानकारी के अनुसार, भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता और नेता जिउंद गांव में एकत्र हो रहे थे, ताकि बठिंडा स्थित डिप्टी कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जा सके। जब पुलिस को इसकी जानकारी मिली, तो बड़ी संख्या में पुलिस बल ने गांव को घेर लिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कुछ किसानों को मामूली चोटें भी आईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने भारी संख्या में आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस किसी भी हालत में किसानों को बठिंडा पहुंचने से रोकने पर अड़ी हुई है, जबकि दूसरी ओर किसान हर हाल में बठिंडा पहुंचने की जिद पर हैं। किसानों को बठिंडा आने से रोकने के लिए पुलिस ने कड़ी नाकाबंदी कर रखी है।

### यूपी में निकलीं 98000+ नौकरियां, 20 से ज्यादा शहरों में लगेगा रोजगार का महाकुंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में फ्रेशर और अनुभवी दोनों उम्मीदवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 28 फरवरी तक राज्य के विभिन्न शहरों में 20 से अधिक रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को अलग-अलग सेक्टर में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। गोरखपुर, कानपुर, रायबरेली और प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में 98000 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। उम्मीदवार डेट और वेन्यू के अनुसार पूरी सूची देखकर अपने नजदीकी स्थल पर पहुंच सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पहले से ही rojgaarsangam.up.gov.in की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा, मेले के स्थल पर भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि बिना पूर्व पंजीकरण वाले उम्मीदवार भी मौके का लाभ उठा सकें।

### गिरकर उठी चांदी, सोना भी 1.53 लाख रुपये पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को तेजी देखने को मिली। बुलियन की दरों के अनुसार चांदी की कीमत 2700 रुपये बढ़कर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना 960 रुपये की तेजी के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एमसीक्स पर चांदी की कीमत 8000 रुपये गिरकर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोने का भाव 3111 रुपये गिरकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में लूनर न्यू ईयर की छुट्टियों के कारण कम कारोबार के बीच कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा।

## राहुल की देश विरोधी ताकतों से सांठगांठ

### किरेन रिजिजू का कांग्रेस पर वार

● देश की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी को भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक व्यक्ति करार दिया। रिजिजू का आरोप है कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों से जुड़े हुए हैं और वे माओवादियों, उग्रवादियों से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी ऐसा विपक्ष का नेता नहीं देखा। यह बयान राजनीतिक गलियारों में तूफान मचा रहा है, क्योंकि यह सीधे राहुल गांधी की छवि पर हमला है। रिजिजू ने आगे कहा, 'राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक व्यक्ति बन गए हैं। क्योंकि वे देश विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे विदेशों में और देश में नक्सलियों, उग्रवादियों, विचारधारावादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं।' रिजिजू ने संसद के हालिया सत्र में हुए हंगामे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में शोर-शराबा और हंगामा हमेशा होता है, हर पार्टी अपना एजेंडा आगे बढ़ाती है। लेकिन साथ ही कार्यवाही भी देखनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि जब वे विपक्ष में थे, तो उन्होंने स्पीकर पर कागज नहीं फेंके, न ही रूलिंग साइड की ओर बैनर लेकर गए।




## पायजामे का नाड़ा ढीला करना रेप की कोशिश

### बड़ी अदालत ने पलटा इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला



● वरिष्ठ महिला वकील के लिखे गए लेटर के बाद सुप्रीमकोर्ट ने मामले का स्वयं लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादित फैसले को रद कर दिया, जिसमें कहा गया था कि महिला के पायजामे का नाड़ा ढीला करना रेप की कोशिश नहीं बल्कि रेप करने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि एक महिला को छूना और उसके पायजामे का नाड़ा खोलना रेप की कोशिश माना जाएगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 17 मार्च, 2025 के फैसले से हंगामा मच गया था और एनजीओ वी द वीमेन की फाउंडर और सीनियर एडवोकेट शोभा गुप्ता के लिखे गए लेटर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एन वी अंजारिया की बेंच ने हाई कोर्ट के इस फैसले को रद कर दिया और POCSO एक्ट के तहत सजा का फैसला सुनाया। गुप्ता और सीनियर वकील एच एस फुल्का की उन अपीलों का जिक्र करते हुए जिनमें महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों से निपटने के दौरान जजों में ज्यादा संवेदनशीलता लाने की बात कही गई थी, बेंच ने कहा, 'किसी भी कोर्ट के किसी भी जज या फैसले से पूरे न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती, जब वह किसी केस लड़ने वाले की असलियत और कोर्ट जाने में उनके सामने आने वाली कमजोरियों के प्रति लापरवाह हो।'

### दस मिनट देर से पहुंची छात्रा को नहीं दिया प्रवेश ट्रेन से कूदकर दे दी जान



**पटना।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के दौरान एक दर्दनाक घटना ने परीक्षा व्यवस्था और छात्रों पर मानसिक दबाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मसौढ़ी के खरजमा गांव की छात्रा कोमल ने परीक्षा केंद्र पर एंट्री नहीं मिलने के बाद ट्रेन से कूद कर जान दे दी। वह निर्धारित समय से मात्र 10 मिनट देरी से पहुंची थी। केंद्र पर सुबह 9 बजे एंट्री बंद कर दी गई थी। छात्रा 9:10 बजे पहुंची, लेकिन गेट नहीं खुला। काफी अनुरोध के बावजूद उसे प्रवेश नहीं मिला। हताश होकर वह घर लौटते से समय उसने खुदकुशी को अंजाम दिया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : $26.6^{0}$C
● तापमान न्यूनतम : $10.5^{0}$C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 18 फरवरी, बुधवार, 2026 (3)







# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

## 92277 रजिस्टर्ड परीक्षार्थी आजमाएंगे किस्मत, सुरक्षा के सख्त इंतजाम

● सभी परीक्षाकेंद्रों को सीसीटीवी सर्विलांस पर रखा गया

● इम्तहान देने पहुंचीं छात्राओं पर बरसाये फूल खिलायी गयी मिठाई



वाराणसी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गयीं। 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाली इन परीक्षाओं के लिए वाराणसी में कुल 117 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में इंटर और हाईस्कूल में इस बार कुल 92277 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। पहले दिन सामने हिंदी का पेपर दोनों पालियों में होगा। पहली पाली में हाईस्कूल और दूसरी पाली में इंटर के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में नकाल माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पैनी नजर रखी जा रही है। सभी परीक्षाकेंद्रों को सीसीटीवी सर्विलांस पर रखा गया है। क्वींस कालेज में बने कमांड सेंटर से इन सभी पर निगरानी की जाएगी। परीक्षा के पहले दिन वाराणसी के हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में परीक्षा के पहले दिन एक अनोखा और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहाँ छात्राओं का स्वागत किसी उत्सव की तरह किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका तिवारी ने बताया कि छात्राओं के मन से परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। जैसे ही छात्राएं परीक्षा केंद्र पर पहुँचीं, उन पर पुष्प वर्षा की गई। भारतीय परंपरा के अनुसार, सभी परीक्षार्थियों को तिलक लगाया गया और मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया-यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्था की सही तरीके से निगरानी के लिए जिले को 12 सेक्टर और 8 जोन में बांटा गया है। इसके तहत 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 8 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

### सेन्ट्रल जेल में भी बना है सेंटर

परीक्षा को लेकर सेन्ट्रल जेल में भी सेंटर बनाया गया है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिले में उड़ाका दल की पांच टीमें भी गठित की गई हैं।

## यूजीसी क्रेडिट रेगुलेशन लागू करने की मांग को लेकर शास्त्री घाट पर धरना



● अपना दल तथा विभिन्न सामाजिक, छात्र-युवा संगठनों ने लगाए नारे

**वाराणसी।** उच्च शिक्षा व्यवस्था, छात्रहित और शैक्षणिक सुधारों को लेकर बुधवार को शहर के शास्त्री घाट पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन अपना दल (कमेरावादी) तथा विभिन्न सामाजिक, छात्र-युवा संगठनों और आम नागरिकों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि उच्च शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय जनभावनाओं और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल लिए जाने चाहिए। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग University Grants Commission द्वारा प्रस्तावित यूजीसी क्रेडिट रेगुलेशन 2026 को तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की रही। वक्ताओं ने कहा कि इस विनियमन के लागू होने से छात्रों को शैक्षणिक क्रेडिट प्रणाली का लाभ मिलेगा।

## लाइब्रेरी की छात्राओं को सफलता के गुर सिखाये गये



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर प्रयास, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच सफलता के लिए आवश्यक है। सफलता केवल पैसा कमाने का नाम नहीं है, बल्कि यह खुश रहने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया है। उक्त बातें सीमा सडक संगठन बीआरओ के अवकाश प्राप्त निदेशक सुनील चन्द्र श्रीवास्तव ने भंदहां कला स्थित आशा लाइब्रेरी में कहीं। वे आशा ट्रस्ट द्वारा बालिकाओं के लिए संचालित आशा लाइब्रेरी में सफलता के मूल मंत्र विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अभिनंदन ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने किया । मौके पर दीन दयाल सिंह, प्रदीप सिंह, सौरभ चन्द्र, साधना पाण्डेय, सरोज सिंह, सनी, अवनीश आदि भी उपस्थित रहे ।


## पद्मश्री मोहम्मद शाहिद प्राइज मनी पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 06वीं अखिल भारतीय पद्मश्री मो0 शाहिद आमंत्रण प्राइजमनी पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 17 से 24 फरवरी, 2026 तक वाराणसी के बड़ा लालपुर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में किया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख द्वितीय पुरस्कार और तृतीय पुरस्कार 50000 रखा गया है। उद्घाटन मैच उत्तर प्रदेश पुलिस और सीआईएसएफ के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। शकील अहमद आदि रहे

# आज चांद दिखा तो कल से रोजा

● मस्जिदों में तरावीह की तैयारियां बाजारों में बढ़ी हलचल




**वाराणसी।** रहमत और बरकतों का महीना आज चांद दिखने पर कल गुरुवार से 30 दिनों का रोजा आरंभ हो जाएगा। मोमिन बुधवार को रमजानुल मुबारक का चांद देखने की उम्मीद कर रहे हैं। यदि बुधवार को चांद दिखाई देता है, तो जुमेरात यानी गुरुवार से इस पाक माह का पहला असरा शुरू हो जाएगा। रमजान के आगमन के साथ ही शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है। मस्जिदों में तरावीह की तैयारियां भी जोरों पर हैं। इसके लिए मस्जिदों में रंग-रोगन और अन्य विशेष इंतजाम किए गए हैं। रमजान के दौरान सह-री और अफ्तारी के लिए बाजार सजने लगे हैं। खजूर, तरबूज और अन्य फलों की आमद बढ़ गई है। तीनों असरों में होने वाली तरावीह के लिए सभी प्रमुख मस्जिदों के इमाम और इंतजामिया कमेटी ने तैयारी कर ली है। रमजान का महीना मोमिनों के लिए इबादत और एकता का प्रतीक है, इसकी तैयारी में लोग जुट गए हैं।

## विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' का विमोचन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** साहित्य तब सार्थक होता है जब वह समाज के काम आए, जब उसकी पंक्तियाँ केवल अलंकरण न बनें बल्कि चेतना का स्रोत बनें। अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर देश की जानी-मानी इतिहासकार एवं पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने यही बात पूरे आत्मविश्वास के साथ कहीं। कार्यक्रम के दौरान अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जल मित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इसके अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

## तीन राज्यों के भाजपा नेताओं की कल से सारनाथ में जमावड़ा



**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा की उत्तर-पूर्व जोन (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार) की महत्वपूर्ण कार्यशाला 19 फरवरी को केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ में होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित तीनों राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यशाला की तैयारियों के लिए सर्किट हाउस में प्रमुख पदाधिकारियों की व्यवस्था बैठक हुई। इसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। साथ ही जिम्मेदारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में उप्र के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी शामिल होंगे।

# अलौकिक झांकियों से सजा दादी का दरबार



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राणी सती श्याम भक्त मंडल की ओर से त्रिदेव मंदिर में स्वर्ण जणित मंदिरों में राणी सती दादी का दरबार सजाया गया। रंग बिरंगे फूलों से दादी की अलौकिक झांकी सजाई गई जो अद्भुत लग रहा था फूलों और पत्तियों से मंडप सजाया गया साथ ही सालासर हनुमानजी खाटू श्याम की रंग-बिरंगे फूलों से श्रृंगार किया गया। भजन संध्या में स्थानीय भजन गायक भरत सराफ अनुप सराफ राजेश तुलस्यान, श्याम सुंदर गाड़ोदिया द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश तुलस्यान सप्तनीक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तीनों विग्रहों को 56 भोग लगा भक्तों में वितरण हुआ। अंत में संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ व मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने तीनों विग्रहों की आरती उतारी। उत्सव में आए भक्तों का स्वागत सुरेश तुलस्यान राजेश तुलस्यान रंजन तुलस्यान ने किया। संयोजन में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार व तुलस्यान परिवार ने सहयोग किया।






## 259 करोड़ से बिछेगी नई सीवर व पेयजल की लाइन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** केंद्र व राज्य सरकार वाराणसी शहर के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है । इस क्रम में शासन वाराणसी नगर निगम के 18 अति-प्रभावित वार्डों और विस्तारित क्षेत्रों के लिए अमृत-2.0 योजना के तहत 259 करोड़ रुपये से अधिक की सीवर व पेयजल की तीन बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही इसकी प्रथम किस्त भी शासन अवमुक्त कर दिया है। यही नहीं टेंडर की औपचारिकता भी पूरी कर ली गई है । ऐसे में होली के बाद सीवर व पेयजल की पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू होने की संभावना है।

## पालि साहित्य और बौद्ध दर्शन पर विशेष मंथन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से मंगलवार से गुरुवार तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। तीन दिनों में कुल 80 चुने हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड, वियतनाम के विद्वान शामिल हैं।

## एनएसएस विशेष शिविर में विविध गतिविधियों का संचालन



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** युवा फॉर माय भारत–युवा डिजिटल साक्षरता/कौशल विकास' थीम पर आधारित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन एन एस एस इकाई 011सी एवं 011डी द्वारा दो ग्रामों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें इकाई 011सी ने डॉ. शशिधर के. एस. के मार्गदर्शन में ग्राम बरकछा कलां में 'सशक्तिकरण एवं सुरक्षा' विषय पर प्रातःकालीन सत्र में आंगनवाड़ी केंद्र पर महिला डिजिटल सुरक्षा एवं उद्यमिता कार्यशाला आयोजित कर ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा, प्राइवेसी सेटिंग्स, साइबर अपराध जागरूकता तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी गई, वहीं इकाई 011डी ने डॉ. सविता देवांगन के मार्गदर्शन में ग्राम शाहपुर चौसा में 'उद्यमिता विकास एवं लघु व्यवसाय विचार' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### सोनभद्र में दो बाइकों की टक्कर:एक युवक की मौत, तीन घायल, दो गंभीर



**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र में दरमा मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र के रॉबर्ट्सगंज - खलियारी मार्ग के दरमा मोड़ के पास मंगलवार देर शाम दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए, जिससे दोनों बाइकों पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक बाइक सवार जितेन्द्र तिवारी (35 वर्ष) और बुधिराम यादव (38 वर्ष) सुअरसोत के तरफ से अपने घर के तरफ आ रहे थे। तभी दूसरी बाइक पर सवार हीरा लाल (25 वर्ष) पुत्र शिवचरन और रमेश (27 वर्ष) बिहार प्रान्त के अधौरा थाना क्षेत्र के खाम कला गांव के निवासी खलियारी की तरफ जा रहे थे तभी दरमामोड़ के पास दोनो मोटरसाइकिल आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे मोटरसाइकिल सवार चार लोग गंभीर से घायल हो गए सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से तत्काल 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वैनी ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हीरालाल को मृत घोषित कर दिया,जबकि जितेंद्र तिवारी और बुद्धिराम यादव को गंभीर चोटों के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मऊ समाचार

### 22 फरवरी को विधिक जागरूकता शिविर लगेगा

**मऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी बाकर शमीम रिजवी के निर्देशन में मंगलवार को सचिव साक्षी सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले प्री-मेगा कैंप, विधिक जागरूकता शिविर की तैयारियों की संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि शिविर में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग जन, अनुसूचित जाति/ जनजाति, श्रमिक, किसान व अन्य वंचित के लिए संचालित योजनाओं के साथ निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर योजना, श्रम कानून, महिला और बाल संरक्षण कानून की जानकारी दी जाएगी। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव साक्षी सिंह ने बताया गया कि प्री-कैम्प आगामी 22 फरवरी को कम्युनिटी हाल में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सुल्तानपुर समाचार

### पति की हत्या के बाद 5ख्श पैदल मायके गई पत्नी:दो बच्चों को पहले ही नन्द के घर था भेजा




**सुल्तानपुर।** अमित सिंह हत्याकांड में पुलिस ने उसकी पत्नी शिल्पी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, मुख्य आरोपी और शिल्पी का प्रेमी दीपक सिंह तीन दिनों बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मंगलवार शाम शिल्पी सिंह को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पहले, मंगलवार को ही अमित के शव का अंतिम संस्कार धोपाप घाट पर किया गया। परिजनों ने नायब तहसीलदार अभय राजपाल को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए सहमति बनी। घटना रविवार तड़के की है, जब शिल्पी का प्रेमी दीपक सिंह उनके घर पहुंचा। उसने धारदार हथियार से अमित के गले पर हमला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। इस दौरान शिल्पी ने कोई विरोध नहीं किया। पति को तड़पता छोड़कर वह अपने एक बच्चे के साथ पांच किलोमीटर पैदल चलकर मायके पहुंच गई। वहीं से उसने मुंबई में मौजूद अपने देवर अजीत सिंह को घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि शिल्पी ने अपने दो अन्य बच्चों को घटना से पहले ही प्रतापगढ़ में अपनी ननद के घर भेज दिया था। अमित सिंह और शिल्पी ने करीब 13 साल पहले प्रेम विवाह किया था। अमित मुंबई में ट्रक चलाता था और परिवार के साथ वहीं रहता था।

## देवरिया समाचार

### 24 को सजेगा रोजगार महोत्सव का मंच

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को जनपद में रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उप्र कौशल विकास मिशन, देवरिया ने बताया कि महोत्सव में देश-प्रदेश की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र में हजारों रिक्त पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल एवं समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

## बलिया समाचार

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का 84 प्रतिशत कार्य पूरा, 100 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन



**बलिया।** यूपी व बिहार को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन गाजीपुर-मांझीघाट ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य 84 प्रतिशत पूरा हो गया है। जून तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे चालू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस पर 100 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से वाहन दौड़ेंगे। चार लेन का 134 किमी लंबा एक्सप्रेसवे तैयार हो रहा है। 5300 करोड़ की लागत की यह परियोजना पूर्वांचल को बिहार से जोड़ेगी। इससे जाम से काफी हद तक मुक्ति मिल जाएगी। वहीं, पटना, लखनऊ व दिल्ली की राह आसान हो जाएगी। कम समय में यात्रा पूरी की जा सकती है। ग्रीन-फील्ड एक्सप्रेसवे पर एटीएमएस (आटोमैटिकट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) की व्यवस्था की गई है, जिससे स्पीड की निगरानी की जाएगी। सफर के लिए एनएचएआइ के मानकों का ख्याल रखते हुए यह नेशनल हाईवे तैयार किया जा रहा है। इस पर प्रकाश, एंबुलेंस, क्रेन, रूट पेट्रोल वाहन आदि की व्यवस्था होगी, ताकि सफर के दौरान किसी को कोई दिक्कत न हो। मांझीघाट-बलिया-गाजीपुर ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे-31 के निर्माण से वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन, लखनऊ- हैदरिया पूर्वाचल एक्सप्रेसवे, गाजीपुर-कासिमाबाद, युसूफपुर- कासिमाबाद, मुहम्मदाबाद-नसीरपुर, गाजीपुर-बलिया नेशनल हाईवे-31 (पूर्व निर्मित), मुहम्मदाबाद- चितबड़ागांव, कोटवा नारायणपुर-लद्दूडीह मार्ग और बलिया के बेयासी बलिया मार्ग, हल्दी मार्ग, बलिया-हाजीपुर मार्ग, मांझी-डुमरी-ताजपुर मार्ग आदि जुडेंगे।

## मीरजापुर समाचार

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिया गया प्रशिक्षण



**मीरजापुर।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे एस0आई0आर0 के सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। समस्त अतिरिक्त नियुक्त विधानसभावार 20–20 कुल 100 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया, जिनको तार्किक विसंगति में दी जाने वाली नोटिस एवं मतदाताओ की सुनवाई के सम्बंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं फार्म–6, 7 एवं 08 के बारे में भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए कहा कि एस0आई0आर0 से सम्बन्धित चल रही सुनवाई में सभी अधिकारी उपस्थित रहें किसी भी अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत सम्बन्धित मतदाता सुनवाई में आता है उससे सम्बन्धित बी0एल0ओ0 को भी आना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता के द्वारा अपनी पहचान स्थापित करने के दौरान सही दस्तावेज नही दिखा पा रहा है तो उसे प्रताड़ित न किया जाए बल्कि उसे बताया जाए कि अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 13 दस्तावेजो में से यथा– किसी केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/ पेंशनभोगी को जारी कोई पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश, भारत में सरकार/ स्थानीय प्राधिकरणों/बैंक/ डाकघार/एलआईसी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पहले जारी किया गया।

## जौनपुर समाचार

### शांति समिति की बैठक में रमजान एवं होली पर सुरक्षा की तैयारी पर चर्चा

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की हुई बैठक में रमजान एवं होली पर सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि त्योहार पर जनपद में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहर क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अधिकारी को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। त्योहारो के दौरान खाद्य पदार्थों पर मिलावट करने वालों पर कार्यवाही की जाए।

## भदोही समाचार

### 1398 परीक्षार्थी अनुपस्थित:कड़ी सुरक्षा में हुई पहली पाली की हाईस्कूल परीक्षा



**भदोही।** जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गईं। प्रथम पाली की हाईस्कूल परीक्षा 94 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह 8:40 बजे से 11:40 बजे तक चली इस परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। प्रथम पाली में कुल 27,517 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 26,119 ने परीक्षा दी। इस दौरान 1,398 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से नकल का कोई मामला सामने नहीं आया।

परीक्षा की निगरानी के लिए 3 जोनल मजिस्ट्रेट, 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 94 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 94 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 6 सचल दल भी सक्रिय रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। परीक्षा देकर निकली छात्रा वर्तिका चौबे ने बताया कि हिंदी का पेपर काफी आसान था और अच्छा गया। अन्य परीक्षार्थियों ने भी पेपर को ज्यादा कठिन नहीं बताया, जिससे उन्हें परीक्षा देने में कोई परेशानी नहीं हुई।

### कृषि उपकरण चोरी का खुलासा:दो आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** दुर्गागंज थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव में खेतों से टुल्लू पंप, सबमर्सिबल और अन्य कृषि उपकरण चोरी होने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य चोरों की तलाश जारी है।

बीते दिनों अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों से सिंचाई के उपकरण चुरा लिए थे। इस संबंध में दुर्गागंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम लगातार घटना के अनावरण में जुटी हुई थी। दुर्गागंज पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना से जुड़े दो आरोपियों को हिरासत में लिया।

## चंदौली समाचार

### कार्य में लापरवाही मिली तो लेखपाल पर होगी निलंबन की कार्रवाई : एसडीएम

**चंदौली।** एंटी करप्शन टीम की ओर से मथेला गांव के लेखपाल पंकज यादव और उसके सहयोगी को रंगे हाथ दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार होने के बाद तहसील प्रशासन सख्त हो गया है। मंगलवार को एसडीएम कुंदन राज कपूर और तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने तहसील के सभी लेखपालों और कानूनगो की बैठक बुलाकर ईमानदारी से कार्य करने की सख्त हिदायत दी। चेताया कि शिकायत मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। तहसील क्षेत्र के मथेला और हृदयपुर गांव के लेखपाल पंकज यादव दूसरे गांव बीसापुर गांव के पीड़ित का काम करने के बदले दस हजार की रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम को विगत 13 फरवरी को की थी।

## गाजीपुर समाचार

### पांच दिन पूर्व लापता मजदूर का शव पोखरे में मिला

**सादात/ भीमापार।** पांच दिन से लापता मजदूर का शव मंगलवार को सादात थाना के नगर पंचायत स्थित टाउन एरिया कार्यालय के पास स्थित पोखरे में मिला। वह 12 फरवरी की शाम पत्नी को खाना बनाने के लिए कहने के बाद से लापता हो गए थे।

परिजनों ने बीते 13 फरवरी को गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इधर, पुलिस पोखरे से शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी है। सादात थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड सात निवासी प्रदीप मद्धेशिया उर्फ काकू (38) मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करता था। वह बीते 12 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे पत्नी लक्ष्मी से खाना बनाने को कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की, फिर भी उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। मंगलवार की सुबह टाउन एरिया पोखरा की ओर गए कुछ लोगों ने पानी में एक शव देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों ने 13फरवरी को गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतक के शरीर को कोई चोट के निशान नहीं थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई होगी। पत्नी को खाना बनाने को कहकर बीते 12 फरवरी से लापता मजदूर का शव पोखरे में पांच दिन उतराया मिलने की सूचना मिलते ही परिवार के लोग दहाडे मारकर रोने- बिलखने लगे। पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### सड़कों पर बिना फिटनेस दौड़ रहे 246 स्कूली वाहनों का आरसी निलंबित

**आजमगढ़।** सहायक संभागीय परिवहन विभाग ने अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने जिले में बिना वैध फिटनेस सर्टिफिकेट के संचालित हो रहे 246 स्कूली वाहनों को चिह्नित कर पहले नोटिस जारी किया था। इसके बावजूद वाहन स्वामियों द्वारा फिटनेस नहीं कराए जाने पर अब सभी 246 वाहनों का पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने वाहन स्वामियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर फिटनेस प्रमाणपत्र बनवा लें। तय समय सीमा में फिटनेस नहीं कराने पर संबंधित वाहन स्वामियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन विभाग के अनुसार, जिले में कुल लगभग 1300 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं।

## गोरखपुर समाचार

### निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत, डॉक्टर पर प्राथमिकी दर्ज- अस्पताल बंद कर संचालक भागा



**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र में एक निजी मैटरनिटी सेंटर में प्रसव के दौरान 29 वर्षीय महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घटना के बाद अस्पताल संचालक और डॉक्टर सेंटर बंद कर भाग निकले। उनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, महुलिया पोयल निवासी शशांक तिवारी उर्फ गोलू की पत्नी प्रिया तिवारी को सोमवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन बाईपास रोड स्थित सिया मैटरनिटी सेंटर ले गए। सेंटर की संचालिका डॉ. पूनम यादव ने जांच के बाद तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि किसी विशेष आपात स्थिति की स्पष्ट जानकारी दिए बिना उसी दिन सर्जरी करने को कहा गया। दोपहर करीब 12:22 बजे ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा को बाहर लाया गया। परिवार को पुत्र जन्म की सूचना दी गई, लेकिन प्रिया की हालत गंभीर बनी रही। परिजनों के अनुसार, डॉक्टर ने खून की कमी बताते हुए पहले एक यूनिट और फिर दूसरी यूनिट ब्लड की मांग की। शाम तक मरीज को तेज दर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने लगी। आरोप है कि अंदरूनी रक्तस्राव की आशंका के बावजूद स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि शाम करीब साढ़े सात बजे जब हालत और नाजुक हो गई, तब डॉक्टर और स्टाफ सेंटर बंद कर वहां से चले गए। आनन-फानन में गंभीर हालत में प्रिया को पास के दुर्गावती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले में शशांक तिवारी की तहरीर पर बड़हलगंज थाने में महिला डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही समेत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

## प्रयागराज समाचार

### निजी घर में नमाज पढ़ने से रोकने के मामले में डीएम-एसएसपी को अवमानना नोटिस



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निजी परिसर में नमाज अदा करने से रोकने के मामले में बरेली के डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने दिया है। बरेली के तारिक खान ने याचिका दायर की है। उनका आरोप है कि वह रेशमा खान के निजी घर (परिसर) में नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। साथ ही बिना अनुमति इकट्ठा होने का हवाला देकर हिरासत में ले लिया था। 28 जनवरी और दो फरवरी को डीएम-एसएसपी को प्रत्यावेदन देकर रमजान के दौरान उसी परिसर में नमाज की अनुमति मांगी थी पर कोई निर्णय नहीं लिया। इसके बाद पुलिस ने दखल दिया, जिससे उनके अधिकारों का हनन हुआ। कोर्ट ने अपने 27 जनवरी के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि मरानाथा फुल गॉस्पेल मिनिस्ट्रीज बनाम उत्तर प्रदेश राज्य सरकार मामले में स्पष्ट किया जा चुका है कि नागरिकों को अपनी निजी संपत्ति के भीतर धार्मिक प्रार्थना करने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

## लाइफ मंत्र

### रंगों से ग्रहण तक ! जानें मार्च 2026 में कब-कब पड़ेंगे बड़े व्रत और त्योहार?



फरवरी 2026 समाप्त होने के बाद मार्च का महीना शुरू होने जा रहा है और यह माह भी धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। वर्ष के तीसरे महीने में अनेक प्रमुख व्रत और पर्व मनाए जाएंगे। जनवरी और फरवरी की तरह मार्च भी उत्सवों और आध्यात्मिक अवसरों से भरपूर रहेगा। इस दौरान होली, भाई दूज, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि जैसे बड़े त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाएंगे। साथ ही इसी माह में चंद्र ग्रहण भी पड़ने वाला है, जो ज्योतिषीय दृष्टि से खास माना जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार, मार्च 2026 की शुरुआत फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि से होगी, जबकि यह माह चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि तक रहेगा। ऐसे में मार्च में धार्मिक अनुष्ठानों, पर्व-त्योहारों और ग्रहों के महत्वपूर्ण गोचर का विशेष महत्व रहेगा।

**1 मार्च 2026, प्रदोष व्रत (रवि)**

**2 मार्च 2026, फाल्गुन चौमासी चौदस**

**3 मार्च 2026, होलिका दहन (छोटी होली), वसंत पूर्णिमा व्रत, लक्ष्मी जयंती, चंद्र ग्रहण और फाल्गुन पूर्णिमा**

**4 मार्च 2026, होली और चैत्र महीने का आरंभ**

**5 मार्च 2026, भाई दूज, 6 मार्च 2026, भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी**

**8 मार्च 2026, रंग पंचमी, 10 मार्च 2026, शीतला सप्तमी**

**11 मार्च 2026, शीतला अष्टमी, बसोड़ा, कालाष्टमी और कृष्ण जन्माष्टमी**

**15 मार्च 2026, कृष्ण नृसिंह द्वादशी, पापमोचिनी एकादशी और मीन संक्रांति, 16 मार्च 2026, प्रदोष व्रत (सोम)**

**17 मार्च 2026, मासिक शिवरात्रि**

**18 मार्च 2026, दर्श अमावस्या, 19 मार्च 2026, युगादी, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि, 20 मार्च 2026, वसंत सम्पात, झूलेलाल जयंती और चंद्र दर्शन, 21 मार्च 2026, मत्स्य जयंती, गौरी पूजा और गणगौर,**

**22 मार्च 2026, वासुदेव चतुर्थी, 23 मार्च 2026, लक्ष्मी पंचमी, मासिक कार्तिगाई और शहीद दिवस, 24 मार्च 2026, संकन्द षष्ठी, रोहिणी व्रत और यमुना छठ, 26 मार्च 2026, महातारा जयंती, अशोक अष्टमी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी और राम नवमी, 27 मार्च 2026, राम नवमी (इस्कॉन) और स्वामीनारायण जयंती,**

**29 मार्च 2026, कामदा एकादशी और वामन द्वादशी,**

**30 मार्च 2026, प्रदोष व्रत (शुक्ल) और महावीर जयंती**

## फैटी लिवर को न करें नजरअंदाज! जानें कैसे करें रिवर्स, ये 5 चीजें हैं रामबाण इलाज



फैटी लिवर मेटाबॉलिज्म और डाइजेशन को प्रभावित करता है, जिसे आयुर्वेद में कुछ उपायों से रिवर्स किया जा सकता है। अपनी डाइट में हल्दी-अदरक की चाय, कड़वी सब्जियां शामिल करें और गर्म भोजन खाकर लिवर पर जमी चर्बी को कम करें। क्या आपने कभी सोचा है कि लिबर पर चर्बी जमती है। अक्सर लोग फैटी लिवर को ये समझकर नजरअंदाज कर देते हैं कि इसमें केवल लिवर पर चर्बी जमती है और इसका शरीर पर कुछ खास असर नहीं होता है, लेकिन ये पूरी तरह गलत है। आमतौर पर फैटी लिवर का असर आपके मेटाबॉलिज्म, डाइजेशन, एनर्जी लेवल और वजन सहित कई चीजों पर होता है। ऐसे में इसकी शुरुआती स्टेज में ही इसे रिवर्स करने की कोशिश करना जरुरी है। आयुर्वेद में फैटी लिवर को यकृत योग कहा जाता है, यह शरीर में कफ और पित्त इंबैलेंस करता है, अग्नि धीमी हो जाती है और पाचन कमजोर होने लगता है। इससे लिवर चैनल्स ब्लॉक हो जाता है और फैट जमा होने लगता है, तो शरीर में ट्राईग्लिसाइड्स और इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ने लगते हैं। आइए आपको बताते हैं फैटी लिवर को रिवर्स करने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल बदलने से क्या फायदा होगा।

**फैटी लिवर को रिवर्स करने के लिए करें ये 5 काम**

- अपने डाइजेस्टिव अग्नि को तीव्र करने की कोशिश करें। इसके लिए आप डाइट में बदलाव करें। दिन की शुरुआत हल्दी और अदरक वाली चाय से करें। इसके सेवन से फैट मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है।
- हल्दी और अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये लिवर पर जमी चर्बी को कम करते हैं। यह बाइल जूस का प्रोडक्शन को बढ़ाते हैं। ये लिवर में फैट भी जमा नहीं होने देते हैं।
- डाइट में कड़वी सब्जियों को शामिल करें । करेला, मेथी के पत्ते और पालक को डाइट का हिस्सा बनाएं। इसके सेवन से इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और लिवर डिटॉक्स होता है।
- पका हुआ गर्म खाना खाएं। इसमें अग्नि बेहतर होती है और शरीर में टॉक्सिन्स जमा नहीं होते हैं। आप ठंडा खाने की जगह दाल, सूप और पकी हुई सब्जियों को डाइट का हिस्सा बनाएं।
- इसके अलावा, योग और मेडिटेशन को रुटीन का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी सेहत और भी बेहतर होती है। शरीर में जमा टॉक्सिंस भी बाहर निकलते हैं। सही समय पर सोएं, जिससे आपका शरीर नेचुरल रिदम को फॉलो कर सके।
- वहीं, अदरक और डैंडेलियन जैसे हर्ब्स को डाइट में शामिल करें। ये इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।



# आपकी Skin दे रही है 5 गंभीर बीमारियों का Warning. इन लक्षणों को भूलकर भी न करें Ignore

जब भी हमारे में शरीर में किसी गड़बड़ी की शुरूआत होती है, तो इसके लक्षण धीरे-धीरे नजर आते हैं। लेकिन जब हम इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, तो शरीर में पनप रही यह गड़बड़ी धीरे-धीरे गंभीर बीमारी में बदल जाती हैं। इसलिए अपने शरीर का ख्याल रखना जरूरी हो जाता है।

अगर पाचन खराब रहने लगे, वजन कम होने लगे, भूक कम लगे या अचानक से अधिक कमजोरी महसूस होने लगे, तो यह इस बात का संकेत होता है कि शरीर में किसी न किसी गड़बड़ी की शुरूआत हो चुकी है।

हमारी आंखों और स्किन पर भी बीमारी के संकेत नजर आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन किस तरह बताती है कि हमारे शरीर में कोई बड़ी बीमारी पनप रही है।

> **अगर पाचन खराब रहने लगे, वजन कम होने लगे, भूक कम लगे या अचानक से अधिक कमजोरी महसूस होने लगे, तो यह इस बात का संकेत होता है कि शरीर में किसी न किसी गड़बड़ी की शुरूआत हो चुकी है।**

**स्किन के इशारे समझें**

अगर आपके बालों के बीच की रेखा भी पतली हो रही है और बाल लगातार झड़ रहे हैं। तो यह हार्मोनल इंबैलेंस का एक संकेत हो सकता है। ऐसा डायहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन के बढ़ने की वजह से हो सकता है।

अगर आंखों के नीचे काले घेरे हो रहे हैं और यह बढ़ते जा रहे हैं। तो आपको इस संकेत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अक्सर लोगों को लगता है कि आंखों के नीचे काले घेरे सिर्फ नींद न पूरी होने की वजह से होता है। लेकिन ऐसा नहीं है। जबकि ऐसा शरीर में आयरन की कमी से हो सकता है।


अगर आपकी आईब्रो के बाल पतले होते जा रहे हैं, तो इस पर भी आपको ध्यान देने की जरूरत है। थायराइड हार्मोन के इंबैलेंस की वजह से ऐसा हो सकता है।

अगर आपकी आंखों के आसपास पीले पैच हो रहे हैं। तो आपको अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने की वजह से होता है। ऐसे में आपको एक बार लिपिड प्रोफाइल टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

शरीर में एस्ट्रोजन लेवल के बढ़ने की वजह से गालों पर पिग्मेंटेशन या झाइयां हो सकती हैं। महिलाओं के चेहरे पर अनचाहे बाल भी बॉडी में हार्मोनल इंबैलेंस की ओर इशारा करते हैं। इसका मतलब है कि आपके शरीर में टेस्टे-स्टेरोन की मात्रा ज्यादा है।

त्वचा में क्रैक या हल्की दरारें नदजर आना इस ओर इशारा करता है कि आपके शरीर में विटामिन बी12 का लेवल काफी कम है। वहीं त्वचा में रूखापन ओमेगा 3 की कमी का संकेत है। फेस पर एक्ने होना जिंक की कमी का संकेत होता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में जिंक से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए।

# सिक्के जैसे गोल पैच में झड़ रहे हैं बाल? Experts से जानें Alopecia के Symptoms और Treatment



एलोपेशिया एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से हेयर फॉलिकल्स पर हमला कर देता है, जिससे सिर, दाढ़ी या शरीर पर गोल पैच में अचानक बाल झड़ने लगते हैं। इसके इलाज के लिए डॉक्टर इम्यून सिस्टम को नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं, साथ ही तनाव प्रबंधन और संतुलित आहार भी अहम भूमिका निभाते हैं।

अक्सर आपने ऐसे व्यक्ति को जरुर देखा होगा कि जिसके सिर या दाढ़ी में गोल पैच हों? एक ही जगह से अचानक से सारे बाल झड़ गए हों। दरअसल, यह एलोपेशिया एरियाटा' हो सकता है। यह एक प्रकार से ऑटोइम्यून हेयर लॉस कंडीशन है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से हेयर फॉलिकल्स को दुश्मन मानकर उसे नुकासान पहुंचाने लगता है।

इस कंडीषसन के कारण सिर से गोल-गोल पैचेज में बाल झड़ने लगते हैं। यह आइब्रो, दाढ़ी और शरीर के सभी अंगों के बालों को भी प्रभावित करते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के रिचर्स के मुताबिक, पूरी दुनिया में करीब 2% लोग जीवन में कभी न कभी एलोपेशिया से प्रभावित होते हैं। अमेरिका में ही करीब 68 लाख लोग इस कंडीशन का सामना कर रहे हैं। आइए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं।

**क्या है एलोपेशिया?**

असल में एलोपेशिया एक ऐसी कंडीशन है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से अपने ही हेयर फॉलिकल्स (बालों की जड़) पर हमला करने लगता है। इसी वजह से अचानक से बाल झड़ने लगते हैं और गोल या पैची गंजापन दिखने लगते हैं। बता दें कि, यह समस्या कॉस्मेटिक समस्या नहीं, बल्कि एक ऑटोइम्यून कंडीशन है। इतना ही नहीं, इस कंडीशन में बालों की जड़ स्थायी रूप से नष्ट नहीं होती, बल्कि अस्थायी रूप से निष्क्रिय हो जाती है।

**एलोपेशिया के शुरुआती लक्षण क्या हैं?**

- एलोपिशिया में अचानक से बाल झड़ने लगते हैं, खासकर के सिक्के के आकार में पैच में। कंघी करते या नहाते समय बाल गुच्छों में झड़ते हैं।
- स्कैल्प में खुजली होना, हल्की जलन या झुनझुनी महसूस होना।
- नाखूनों पर गड्ढे, खुरदरापान या सफेद धब्बे भी दिख सकते हैं। शुरुआत में दर्द नहीं होता है। इसलिए लोग इसे सामान्य हेयर फॉल को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें। हालांकि समय पर बीमारी की शिनाख्त इलाज को ज्यादा कारगर बना सकती है।
- नहाते समय बाल झड़ना, भौंह,पलक, दाढ़ी के बाल झड़ना और स्कैल्प में पैचेज बनना

**एलोपेशिया होने के संभावित करण**

- वैसे तो एलोपेशिया का मुख्य कारण इम्यून सिस्टम का असंतुलन है। इसके पीछे जेनेटिक कारण, तनाव, वायरल इंफेक्शन, हॉर्मोनल बदलाव और अन्य ऑटोइम्यून बीमारियों जिम्मेदार हो सकती हैं।
- न्यूट्रिशन की कमी के कारण एलोपेशिया हो सकता है।
- इसके अलावा, क्रॉनिक स्ट्रेस व क्रॉनिक इन्फेक्शन, या फिर कोई फ्रॉनिक बीमारी और दवाओं के साइड इफेक्ट भी हो सकता है।

**एलोपेशिया का इलाज क्या है?**

एलोपेशिया का इलाज उसकी स्थिति और गंभीरता के अनुसार तय किया जाता है। आमतौर पर डॉक्टर ऐसी दवाएं देते हैं जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को नियंत्रित करें, जैसे स्टेरॉइड युक्त क्रीम, इंजेक्शन या अन्य औषधियां, जिससे बालों की दोबारा वृद्धि में सहायता मिल सके। कुछ गंभीर मामलों में इम्यूनोथेरेपी या ओरल दवाओं का भी सहारा लिया जाता है। इसके अलावा संतुलित आहार, तनाव कम करना और पर्याप्त नींद लेना भी उपचार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि ये सभी कारक बालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

**क्या घरेलू या नेचुरल उपाय एलोपेशिया के इलाज में मदद करते हैं?**

वैसे तो घरेलू या नेचुरल उपाय एलोपेशिया का इलाज नहीं, हालांकि सहायक भूमिका निभा सकता है-

- आप संतुलित आहार, प्रोटीन, आयरन, जिंक और विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा जरुरी है।
- इसके अलावा, आप रोजाना योग, ध्यान और स्ट्रेस मैनेजमेंट इम्यून बैलेंस में मदद कर सकते हैं।
- प्याज का रस, एलोवेरा या नारियल तेल स्कैल्प की हेल्थ सुधार सकते हैं, लेकिन ये इम्यून अटैक को नहीं रोकते हैं।
- इन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट के विकल्प की बजाय सपोर्ट के रुप में ही अपनाना चाहिए।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर




गुप्त रोग विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ




लिवर रोग विशेषज्ञ




यूरोलॉजी विशेषज्ञ




मानसिक रोग विशेषज्ञ




हड्डी रोग विशेषज्ञ




कार्ड एवं स्टेशनरी




लेडिज सूट शॉप




आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप




ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

